कक्ष निर्माण में देरी पर सरपंच, सचिव, रोस को नोटिस

नवभारत न्यूज

बैतूल, 17 जुलाई. कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम हीरापुर का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया।

योजनाओं के क्रियांवयन का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य शिविर लगाने के दिये निर्देश

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान ग्रामीण सविता सोनी ने आवास एवं आजीविका से जुड़ी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की जांच कर लाभ दिलाने तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम में संचालित किए जाने वाले रेशम केंद्र के संचालन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम में नल-जल योजना बंद होने की शिकायत पर कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल टीम भेजकर जल स्रोत एवं पाइपलाइन की जांच कर शीघ्र समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा मार्ग निर्माण, सहित अन्य समस्याओं पर भी संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

अतिरिक्त कक्ष निर्माण में देरी पर कार्रवाही

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने ग्राम हीरापुर की प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर दर्ज छात्र संख्या की जानकारी ली तथा शिक्षकों को पर्याप्त रोशनी सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए शाला का सुव्यवस्थित संचालन करने और नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी अवलोकन किया। निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन कक्ष का निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से तैयार किए जा रहे भोजन की जानकारी ली तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण, पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने के दिये निर्देश

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हीरापुर का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा चिकित्सक नहीं होने की शिकायत पर बताया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. पवित्र कुमार मिस्त्री की पदस्थापना हो चुकी है और उन्होंने गत दिवस कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर ने नवपदस्थ चिकित्सक को पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नियमित चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सेवाओं, मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरणों की जानकारी ली तथा आवश्यक दवाओं के उपलब्ध स्टॉक का भी निरीक्षण किया।

युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 जुलाई को

बैतूल। मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय सदर बैतूल में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्धमान यानर्स प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, आयशर सीआईआई स्किल डेयलोपमेड पीथमपुर में ट्रेनी वर्कर के 50 पद, कुलोदय टेक्नोपार्क प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, हेल्पर के 50 पद तथा सागर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड तमोट जिला रायसेन में मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण के 50 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। इसी प्रकार यशस्वी ग्रुप भोपाल ट्रक एंड ट्रैक्टर मंडीदीप में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 20 पद और पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में वैलनेस, मैनेजर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है। कृषि धान बायोकेयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एमबीए तथा क्रेस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड टाटा मोटर्स, एमआरएफ फॉक्सकॉन अहमदाबाद पुणे बैंगलोर में ट्रेनी के 100 पदों के लिए योग्यता 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा होना आवश्यक है।

एक नजर में

17 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन

बैतूल। नगर पालिका परिषद बैतूल के गणेश वार्ड में न्यू बैतूल स्कूल से प्रियेश मेडिकल तक लगभग 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं बेयरिंग कोट निर्माण कार्य का भूमिपूजन शुक्रवार को विधिवत संपन्न हुआ। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारसकर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, वार्ड पार्षद विजय जसूजा सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

डीईओ के सामने उठाए पदोन्नति के लंबित मुद्दे

बैतूल। अजाक्स संघ जिला बैतूल के नेतृत्व में घोड़ाडोंगरी विकासखंड के शिक्षकों ने सहायक आयुक्त सुश्री वत्सला शिवहरे और जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम वरकड़े से सौजन्य भेंट कर पदोन्नति, क्रमोन्नति, नवनियुक्त शिक्षकों की वार्षिक वेतन-वृद्धि तथा तीन वर्ष की परीक्षा अवधि से जुड़े लंबित मामलों को उठाया। शिक्षकों ने इन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग की। अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष दशरथ धुर्वे, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मुकेश उपराले तथा जिला सचिव हेमराज बेले के मार्गदर्शन में हुई इस भेंट के दौरान सहायक आयुक्त वत्सला शिवहरे ने पदोन्नति प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि क्रमोन्नति और तीन वर्ष की परीक्षा अवधि से संबंधित प्रकरण नर्मदापुरम भेजे जा रहे हैं तथा नवनियुक्त शिक्षकों की वार्षिक वेतन-वृद्धि के आदेश भी जल्द जारी किए जाएंगे। अजाक्स नेतृत्व ने घोड़ाडोंगरी के शिक्षक साथियों के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

व्यापारी संघ ने कलेक्टर का किया स्वागत

बैतूल। घोड़ाडोंगरी विकासखंड के चोपना आगमन पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे का व्यापारी संघ चोपना के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने आत्मीय स्वागत किया। बंगाली परंपरा के अनुसार तिलक, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सोनवणे ने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों, ग्रामीणों एवं नागरिकों से आत्मीय संवाद कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली।

बजरंगियों ने पीछा कर पकड़ी गौवंश से भरी हुई पिकअप

मुलताई। नगर के बजरंगियों ने गौवंश भरकर जा भरकर जा रही एक पिकप का पीछा कर महाराष्ट्र के बजरंगियों के साथ मिलकर पिकअप पकड़कर पुलिस के हवाले की है। बजरंगियों ने बताया द्य शुक्रवार को बजरंग दल मुलतापी को महाराष्ट्र के संगठन से सूचना मिली थी कि 3 गाडी महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश की ओर खाली गाड़ीयां गौ वंश भरने जा रहे है। बजरंग दल मुलतापी के बजरंगीयो ने पुरी रात गश्त के बाद सुबह 4 बजे एक सफेद रंग की पिकअप वाहन एमएच 04 एचडी 6408 ऊपर से निले रंग की नेट बंधी हुई थी जो कि छिन्दवाड़ा रोड से

मुलताई की ओर आ रही थी। बजरंगियो को शक होने पर वाहन पर उन्होंने गाड़ी रोकने का प्रयास किया लेकिन पिकअप वाहन चालक बहुत तेजी से मुलताई से महाराष्ट्र की ओर भगाने लगा। बजरंग दल मुलतापी के बजरंगीयो ने अपने निजी वाहन से पिकप वाहन का पीछा कर महाराष्ट्र के मोर्शी के ग्राम सिरखेड तक 80 किलोमीटर तक पीछा किया तथा महाराष्ट्र के गौरक्षकों को सूचना दी जिस पर बजरंग दल महाराष्ट्र की दापोरी टीम,आकोला, मोर्शी के गौरक्षकों ने घेराबंदी कर पिकप वाहन को महाराष्ट्र के सिरखेड में बड़ी मेहनत से पकड़ा। पिकप में 2 गौ तस्करो को मौके पर पकड़ा गया। मुलतापी के बजरंगियों ने पिकप वाहन का नेट खोला तो देखा कि पिकप के अन्दर बड़ी बेरहमी से ठुस ठुसकर 13 नग, गौवंश क्रुरता पूर्वक रस्सियों से बांध कर पैर मुंह बांधे हुए थे गौ तस्कर पिकप वाहन को महाराष्ट्र के कत्लखाने वध के लिए ले जा रहे थे। तुरंत ही गौरक्षकों ने महाराष्ट्र पुलिस को सूचना दी गई एवं बजरंग दल मुलतापी गौ रक्षक बजरंगी दिपांशु साहू,प्रवीण राउत, प्रेम साहू, चेतन चौपडे, राजेश साहू ने सभी गौ वंशों को रस्सियां काटकर पिकप वाहन से सुरक्षित रैस्यू किया गया।

ताप्ती उपवन की स्थापना, कालेज में पौधरोपण

मुलताई। माँ ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा उपजेल परिसर में ताप्ती उपवन की स्थापना कर पौधे लगाए गए। वहीं कालेज परिसर में भी पौधारोपण किया गया।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार,जेल अधीक्षक दिनेश दांगी, आरएसएस मुलतापी के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव,थाना प्रभारी विकास पटेल सहित न्यास के सदस्यों ने ताप्ती उपवन की स्थापना कर पौधों का पूजन किया। जेल अधीक्षक श्री दांगी ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधा

रोपण पर प्रकाश डालते हुए न्यास के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा की न्यास द्वारा 125 गाँव में ताप्ती उपवन तेयार कर धरती माता का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। हम सभी को अपने जीवन मे पौधे लगाना चाहिए और उनका संवर्धन करना चाहिए। मंच संचालन उमेश ने किया। वहीं अतिथियों का स्वागत रोहित चिकाने,रितेश विश्वकर्मा, नीरज ठाकरे बने किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं न्यास के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का आभार न्यास के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने किया।

कलेक्टर ने प्राथमिक शाला बंजारी ढाल का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को घोड़ाडोंगरी विकासखंड के भ्रमण के दौरान ग्राम बंजारी ढाल स्थित प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से पाठ्यपुस्तक पढ़वाकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया। शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने शिक्षकों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में दर्ज विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की संख्या की जानकारी लेने के साथ पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। शौचालय का समुचित रखरखाव नहीं मिलने नाराजगी जाहिर की और पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने संबंधित एई पीएचई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीएससी श्री धीरज यादव एवं श्री अनिल साहू को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी जनजातीय नायक गंजन सिंह कोरकू की शहीद स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

किसान को मिलेंगे फसल बीमा के 80 हजार

बैतूल। मुलताई तहसील के ग्राम कान्हाखापा के किसान यादोराव पिता दौलत देशमुख को एच.डी.एफ.सी. बैंक द्वारा फसल बीमा राशि के 80 हजार रूपये का भुगतान किया जाएगा। इस किसान को गांव के अन्य किसानों के साथ सोयाबीन फसल की फसल बीमा राशि नहीं मिली थी, अब आयोग के आदेश के बाद किसान को न्याय मिला है। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के मान. अध्यक्ष / न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय एवं मान. सदस्य चन्द्रशेखर माकोड़े द्वारा दिया गया है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि कृषक के गांव कान्हाखापा में कृषक की 4.72 हेक्टेयर में बोई गई सोयाबीन फसल का अन्य किसानों को दी गई फसल क्षतिपूर्ति राशि 47.50 प्रतिशत तथा बैतूल जिले में डी.एल.टी.सी. ऋणमान 37000 के अनुसार कुल 83112 की बीमा राशि मिलना था, मगर बैंक द्वारा किसान से संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज नहीं करने के कारण किसान यह बीमा राशि पाने से वंचित रह गया। आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाईडलाईन की कंडिका क्र. 35.5.9 में वित्तीय संस्थाऐं / बैंक के दायित्व के संबंध में प्रावधान किया है कि संबंधित बैंक या उसकी शाखाऐं निर्धारित समय के भीतर प्रीमियम के प्रेषण विवरण के साथ एनसीआईपी पर बीमित किसान के विवरण के डिजिटलीकरण को सुनिश्चित करना चाहिए। बीमा कंपनियों द्वारा उचित और समयबद्ध मिलान हेतु पोर्टल पर भुगतान के विवरण की अनिवार्य प्रविष्टि के बाद बीमा कंपनियों को किसान के अंश का समेकित प्रीमियम इलेक्ट्रानिक रूप से एनसीबाईपी के भुगतान गेटवे के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा। आयोग द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार किसान को परिवाद प्रस्तुत दिनांक से भुगतान दिवस तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी मिलेगा तथा इस राशि में वाद व्यय व मानसिक संत्रास के रूप में 10,000 रूपये भी सम्मिलित है।

यार्ड रीमॉडलिंग से दो प्रमुख ट्रेनों का बदला मार्ग

बैतूल। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य चल रहा है। इस कार्य के कारण दो महत्वपूर्ण ट्रेनों, हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस और अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, के संचालन मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन क्रमांक 12721 हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस का मार्ग 20 जुलाई 2026 तक बदला गया है। यह ट्रेन अब अपने नियमित मार्ग भोपाल-बीना-झांसी के बजाय भोपाल-संत हिरदाराम नगर-नागदा-कोटा-मथुरा जंक्शन होकर चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन क्रमांक 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का मार्ग भी 19 जुलाई 2026 तक परिवर्तित रहेगा। यह ट्रेन झांसी-बीना-भोपाल के बजाय मथुरा-कोटा-नागदा-भोपाल मार्ग से संचालित होगी। नागपुर रेल मंडल के बैतूल, आमला, मुलताई और इटारसी सेक्शन के यात्रियों के लिए हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस एक लोकप्रिय लंबी दूरी की ट्रेन मानी जाती है। बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन से भोपाल, झांसी, दिल्ली और हैदराबाद की यात्रा करते हैं। मार्ग परिवर्तन के कारण इन यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी।

मोक्षधाम एवं मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीण लामबंद

मुलताई। प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम वायगांव में मोक्षधाम एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीणों ने बैठक लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने सहित गांव के विकास के लिए आगे आकर लडाई लड़ने की योजना बनाई है। ग्रामीण दुर्गेश भोयरे ने बताया गांव के युवा मनीष देशमुख, सुरेश झपाटे,आशीष धोटे,शिव साहु, राजू दरवाई, कमलेश पवांर,राहुल ठाकरे, शुभम घोडकी,दीपक उकंडे सहित दर्जनों युवाओं का कहना है कि हर इंसान को जीवन के अंतिम सफर में इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में मोक्षधाम मार्ग की दुर्दशा को

दुरुस्त किया जाना बेहद आवश्यक और संवेदनशील मामला है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्रयास करने का संकल्प लिया है ।योजना के तहत ग्रामीण जल्द ही ग्राम पंचायत स्तर पर अपनी मांग रखेंगे तथा जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर को भी एक औपचारिक आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं बल्कि पूरे समाज से जुड़ा संवेदनशील मामला है।

शिव मंदिर प्रांगण के पेवर ब्लॉक निर्माण का हुआ भूमिपूजन

बैतूल। आठनेर नगर के वार्ड क्रमांक-14 चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित छोटा बस स्टैंड के शिव मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद की राजस्व, सामान्य प्रशासन एवं वित्त विभाग की सभापति गायत्री कैलाश आजाद के प्रयासों से यह निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ। इसके शुरू होने से मंदिर समिति, महिला भजन मंडली और वार्डवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिव मंदिर प्रांगण में

नियमित रूप से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, लेकिन परिसर कच्चा होने के कारण बरसात और अन्य मौसम में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। पेवर ब्लॉक निर्माण से मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ने के साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। वार्डवासियों ने इस कार्य के लिए पार्षद गायत्री कैलाश आजाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और वार्ड के प्रति गंभीरता से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। पार्षद श्रीमती गायत्री कैलाश आजाद ने कहा कि वार्ड की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने बताया कि बैतूल विधानसभा के विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के सहयोग से वार्ड में अनेक निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी विकास कार्यों की यह गति जारी रहेगी।

निरीक्षण सभी स्कूलों में करियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

आयुष्मान आरोग्य मंदिर निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम बटकीडोह का भ्रमण कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कमियां पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को दिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि जिले के सभी प्रगतिरत, अपूर्ण एवं हैंडओवर किए जा चुके आयुष्मान

आरोग्य मंदिरों का स्वयं फील्ड में जाकर निरीक्षण करें तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर डॉ सोनवणे ने शासकीय हाई स्कूल बटकीडोह का निरीक्षण कर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रुचि, भविष्य की योजनाओं और करियर संबंधी आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर जिले के सभी स्कूलों में करियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की सही जानकारी मिल सके। साथ ही विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मोटिवेशनल गतिविधियां भी नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में जो भी क्षेत्र चुने चाहे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, चित्रकार, खिलाड़ी या कोई अन्य क्षेत्र उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने का लक्ष्य अभी से निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए पूरी मेहनत एवं समर्पण के साथ प्रयास करें। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन एवं शैक्षणिक वातावरण के लिए शिक्षक एम.के. दास की सराहना करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक पूरे विद्यालय की दिशा बदल सकता है। उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्मार्ट क्लास के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का सब्सक्रिप्शन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत चित्रकला

बैतूल। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं प्रेरणादायी चित्रों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त समाज की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मुख्य संदेश था।

नशा जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि शिक्षा और संस्कार उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चौबे ने कहा कि युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहेगी, तभी स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.डॉ.शंकर सातनकर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर एवं नगर में जिला संगठक डॉ.जीपी साहू के निर्देशन में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति को लेकर उत्साहपूर्वक नारे लगाए।